चन्द्रलोक

नोर

कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 17.06.2022

प्रेस समाचार

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रमों के क्रम में आज दिनांक 17.06.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वास्थ्य एवं योग विषय पर गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य वक्ता श्री शिवदत्त आर्य ने योग के बारे में सहविस्तार व्याख्या की एवं बताया कि मानव जीवन को स्वस्थ्य रखने के लिए योग अति महत्वपूर्ण एवं नियमित रूप से योगयाभ्यास से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अवसाद, कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित रह सकते है। इसके साथ साथ उन्होंन कहा कि आधुनिक जीवन शैली में प्राणायाम, कपालभाती, सूर्य नमस्कार आदि को जीवन का हिस्सा बनाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. पीपाराम ने बताया की "योग से भगाए रोग" एवं छात्राओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य एवं विकास के लिए योग अतिमहत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर श्री मोहम्मद इरफान, डॉ. वगताराम चौधरी, श्री दिनेश कुमार, श्री शंकर लाल माजी, वरिष्ठ सहायक, श्री बुद्ध सिंह, पिनल, प्रियंका, मीरा आदि छात्राएं एवं जयवी उपस्थित रही।

प्राचार्य

योग के साथ रहो-घर पर रहो थीम के साथ उत्साह से फिट रहने के लिए किया योग का अभ्यास

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जालोर. शहर समेत जिलेभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यालय पर योग दिवस 'योग के साथ रहो, घर पर रहो' थीम के साथ मनाया गया। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. रमेश श्रीवैष्णव ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में कोरोना प्रोटोकॉल की पालना के साथ इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग के साथ रहो, घर पर रहो' की थीम पर योग कार्यक्र म आयोजित किए गए। राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधा सारस्वत ने ऑनलाइन के माध्यम से छात्राओं को स्वस्थ, सुखी एवं निरोग रहने की कामना की। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विश्व योग दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर वात्सल्य चाइल्ड केयर होम नर्मदा कॉलोनी जालोर में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में योग दिवस पर योगाभ्यास किया। जिला मुख्यालय स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र में सोमवार सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन हुआ। सेवा केंद्र प्रभारी बीके रजू दीदी ने बताया के कार्यक्र म की शुरुआत आदिनाथ फतेह ग्लोबल हॉस्पिटल के काउंसलिंग इंचार्ज नगर अध्यक्ष हेमलता जैन, पार्षद प्रवीण दवे, पार्षद शंकरलाल महेश्वरी, पार्षद वीराराम भील, सूरज वोरा, नरपतसिंह राव, रमेश सोनी, हिमेश पारिक, अजमल बंजारा सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह गजीपुरा में भाजपा ग्रामीण मण्डल की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धुन्धलेश्वर महादेव मंदिर में महंत प्रेमभारती महाराज के सान्निध्य में मनाया।

सांचौर. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद सांचौर द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाभ्यासी डॉ. विष्णु दास वैष्णव ने योग के महत्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मासद देवजी भाई पटेल, भाजपा दानाराम चौधरी, भुवाराम पुरोहित समेत कई जने मौजूद रह। अंतर्राष्ट्रीय योग पार्टी किसान मोर्चा जिला जालोर के बैनर तले सांकरणा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे में संचालित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मानसिक विमंदित बच्चों व कार्मिकों ने योग कर जीवन में योग को नियमित करने का संकल्प लिया। कंवला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हेमशाही कंवलेश्वर महादेव मठ में महंत हरिपुरी महाराज के सान्निध्य में मनाया गया। इस अवसर पर महंत ने जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। रोडला में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार कर योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थी राजेश्वरी राठौड़ ने योग को जीवन का हिस्सा बनाते हुए प्रतिदिन सुबह योग क्रिया करते हुए सदैव स्वस्थ व निरोग रहने का संदेश दिया। योग के उपलक्ष्य में पंचायत

चितलवाना . योग दिवस पर योगाभ्यास करवाते योग प्रशिक्षक।

वेड़िया. योग दिवस पर योगाभ्यास करते जवान। पत्रिका

भीनमाल. मंदिर में योग दिवस पर योग करते शहरवासी। पत्रिका

सांचौर. योगाभ्यास करते शिक्षक। पत्रिका

दिवस पर गांवों में योग प्रशिक्षकों की ओर से योगाभ्यास करवाया गया। योग प्रशिक्षक छोगाराम सारण ने बताया कि कोरोना की गाइडलाइन का पालन करते हुए योग दिवस पर लोगो को योगाभ्यास करवाया गया।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबल में प्रधानाचार्य श्रीराम गोदारा के नेतृत्व में योग दिवस पर योगाभ्यास करवाया गया। चितलवाना ब्लॉक के राउप्रावि निंबज गांव (टांपी) में सोमवार को सातवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बिश्नोई की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

रामसीन. दो शक्ति केंद्रों पर योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे दिनचर्या में शामिल करने की स्कूल के शिक्षकों को योग करवाया गया।

भाद्राजून. राजकीय उमावि, राउप्रावि देवीनाड़ा, पीएचसी भाद्राजून समेत आसपास के राजकीय विद्यालयों व अस्पतालों में इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वास्थ्य के लिए योग (योग फॉर वेलनेस) पर कोरोना संकट के बीच इस बार भी काफी सावधानियों के साथ ही योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक श्रीपालसिंह राजपुरोहित ने राउप्रावि में उपस्थित कार्मिको एवं अन्य गणमान्य ने योग, व्यायाम, प्राणायाम समेत अन्य शारीरिक अभ्यास किया। गायत्री परिवार के सदस्य जगदीश शर्मा ने वर्तमान समय में योग और व्यायामक का महत्व समझाया। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भाद्राजून में सातवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जहां पर उपस्थित समस्त चिकित्साकर्मियों ने योग के विभिन्न आयामों आजमाया। क्षेत्र में लोगो ने अपने घरों में रहकर योगा किया।

झाब. झाब मंडल के छह स्थानों पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। इस दौरान योग के महत्व पर भी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस दौरान जोधावास में महामंत्री नरिंगाराम चौधरी, डूंगराराम चौधरी, ओमप्रकाश विश्नोई, तोलाराम चौधरी, नरपत पुरोहित, मेराराम चौधरी, देवडा मे रिडमलराम डांगी धुतेल महामंत्री, भगाराम जाट समेत कई जने मौजूद रहे।

हाड़ेचा. कस्बे सहित आस-पास के गांवों मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर सप्तम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में भाजपुमो चितलवाना अध्यक्ष राहुल सोलंकी के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। जिसमें योगाभ्यास करवाने का कार्य अश्विनी दवे व खीमराज दवे द्वारा किया गया। इसी प्रकार डाबल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधानाचार्य लादूराम बिश्नोई व पीईईओ श्रीराम गोदारा की मौजूदगी में आयोजित किया गया।

जसवंतपुरा. जसवंतपुरा भाजपा मंडल की ओर से आदर्श विद्या मंदिर, जसवंतपुरा एवं चौधरियों की ढाणी दातलावास में योग शिविर आयोजित किए गए। आदर्श विद्या मंदिर जसवंतपुरा के योग शिविर में स्थानीय विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने भाग लिया और कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास किया।

कतार में इंतजार, बैंक में भी परेशानी

देवड़ा एसबीआई में स्टॉफ की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

चितलवाना @ पत्रिका. देवड़ा स्थित एसबीआई में बैंक प्रशासन की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान है। हालात यह है कि उपभोक्ताओं को अपने ही खाते से पैसे की लेन-देन के लिए बैंक के आगे घंटों लाइन में बारी का इंतजार करना पड़ता हैं। देवड़ा गांव में भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों की शिथिलता के चलते आस-पास के गांवों से आए काश्तकारों व उपभोक्ताओं की ओर से अपने ही खाते में लेन-देन के लिए बैंक शाखा के आगे घंटों पर लाइन में लगकर बारी का इंतजार करना पड़ता हैं। देवड़ा बैंक में कर्मचारी द्वारा बैंक खोलने से पहले उपभोक्ता पहुंचकर लाइन में लग जाते है। ऐसे में बाद में आने वाले को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। उपभोक्ता रौतान विश्नोई का कहना है कि देवड़ा के आस-पास के करीब दो दर्जन गावों में कोई बैंक की शाखा नहीं होने से भी इस बैंक में खाते खुलवाना उपभोक्ताओं की मजबूरी है।

इनका कहना

कोरोना एडवाइजरी के चलते ये हालात बन रहे हैं। अभी बैंक में पांच उपभोक्ता की परमिशन हैं। इसलिए बैंक में भीड जमा नहीं कर सकते।

प्रवीन आचार्य, प्रबंधक, एसबीआई, देवड़ा

प्रतीक्षा सूची जारी करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कागमाला. पंचायतीराज कनिष्ठ लिपिक भर्ती 2013 में शेष रहे पदों पर नियुक्ति के लिए प्रतीक्षा सूची जारी करने को लेकर सोमवार को पंचायत समिति रानीवाड़ा में मनरेगा संविदा कार्मिकों की ओर से विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मनरेगा कार्मिक संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित ने बताया कि 2013 में निकली कनिष्ठ लिपिक भर्ती में शेष रहे पदों के लिए प्रतीक्षा सूची आज तक जारी नहीं की गई है। जिससे संबंधित रहे कार्मिको के साथ भेदभाव हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सभी अल्प मानदेय संविदा कार्मिकों ने सरकार से शेष रहे पदो पर नियुक्ति आदेश जारी करवाने को लेकर मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, डीओ मनोहर सिंह, कान्तिलाल मेघवाल, रोजगार सहायक रमेश पुरी, जवानसिंह, जबरसिंह पुरोहित सहित कार्मिक उपस्थित थे।



INT. YOGA DIWAS ACTIVITY